झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **08.01.2020**

#CMUpdates
विज्ञप्ति संख्या- 33/2020

08 जनवरी 2020

झारखंड विधानसभा परिसर, रांची
======================
विधानसभा अध्यक्ष श्री रविंद्र नाथ महतो , मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन , सभी मंत्री एवं सभी विधायकों ने अमर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर उन्हें अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की।
=======================
★ वीरों की शहादत अतुल्य है सदैव प्रेरणा देते रहेंगे-- रविन्द्र नाथ महतो, अध्यक्ष, विधानसभा

★ अमर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के संघर्ष , आदर्श, समर्पण और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता

-- हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री झारखंड
=======================
विधानसभा अध्यक्ष श्री रविंद्र नाथ महतो , मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन , सभी मंत्री एवं सभी विधायकों ने झारखंड विधानसभा परिसर में अमर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर उन्हें अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धान्जलि दी।

विधानसभा अध्यक्ष श्री रविन्द्र नाथ महतो ने कहा कि शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह की शहादत अतुल्य है और हमें सदैव प्रेरणा देते रहेंगे देंगे।

शहीदों के संघर्ष, आदर्श, बलिदान और समर्पण को आत्मसात करने की जरूरत

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वीर शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह की शहादत को कभी भी भुलाया नही जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि हम उनके संघर्ष , आदर्श, बलिदान और समर्पण को आत्मसात करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन वीर महापुरुषों के सपनों का झारखंड बनाना हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए।
###
================
#TeamPRD(CMO)